

आर्नोल्ड बचाएंगे पर्यावरण

दुनियाभर के युवाओं में सुडौल और कसरती बदन के लिए लोकप्रिय रहे हॉलीवुड अभिनेता आर्नोल्ड श्वार्जनेगर अब दुनिया को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना चाहते हैं। पहली बार भारत आये 64 वर्षीय आर्नोल्ड ने कहा कि वह पर्यावरण के क्षेत्र में उसी तरह अहम योगदान देना चाहते हैं जिस तरह उन्होंने फिटनेस के लिए किया है। यहां 12वीं सस्टेनेबल डवलपमेंट लीडरशिप समिट में भाग लेने आए आर्नोल्ड ने कहा, मैंने 15 साल की उम्र में शरीर को बलिष्ठ बनाने का प्रशिक्षण लेना शुरू कर दिया था और 20 साल की उम्र में मुझे मिस्टर यूनिवर्स का खिताब मिला। उन्होंने कहा, तब फिटनेस मेरा मंत्र था और अब पर्यावरण है। मैं लोगों को उसी तरह हरे-भरे पर्यावरण के साथ रहने के लिए प्रेरित करना चाहता हूं जिस तरह फिटनेस के लिए किया। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ बातचीत के एक सत्र में भाग लिया।